पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम सं. (1). ई-निविदा सं.- ई.सी.आर.-सी.ए.ओ.-सी/एस/ई.टी.ई.एन.-एच. जे.एल.एच.-10, कार्य का नाम: ECR के धनबाद डिविजन में गोमोह फ्लाई ओवर (बायपास कनेक्टिविटी के लिए) के निर्माण के सिलसिले में, रेल, स्लीपर, सिविंग आदि जैसे P.Way मैटेरियल की सप्लाई और रेलों के स्पेसिफिकेशन और स्टैंडर्ड के अनुसार अन्य सभी कार्य सहित परमानेंट वे (Permanent way) को जोड़ने का काम। इसमें ये लाइनें शामिल हैं: रेलों से गोमोह ROR लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से गोमोह तक), रेलों से मटारी UP लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से मटारी तक) और रेलों से मटारी DN लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से मटारी तक)। संभावित मूल्य (रु.): 9,81,37,322.92, ईएमडी प्रतिभूति (रु.): 19,62,800.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 09 (नौ) महीना। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 17.11.2026 (15:00 बजे) [illegible] ई-निविदा [illegible] से भेजी जायेगी, स्वीकार नहीं की जाएगी। फर्म के लेटर पैड पर प्रस्तुत की गई अथवा समय पर प्राप्त होने वाली निविदाओं की हस्तलिखित प्रस्तुती भी स्वीकार्य नहीं होगी। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज संपूर्ण जानकारी के साथ वेबसाइट ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
नोट: निविदा सूचना में किसी प्रकार की विसंगति पाये जाने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण अंतिम एवं मान्य होगा। निविदाकारों से अनुरोध है कि इस ई-निविदा से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/संशोधन आदि के लिए अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पूर्व वेबसाइट ireps.gov.in का अवलोकन करें।
उप मुख्य अभियंता/निर्माण/1, हाजीपुर
[illegible]/25-27/46

पूर्व मध्य रेल
समस्तीपुर मंडल में स्वचालित टिकट वेण्डिंग मशीन (ATVM) के लिये सुविधाकर्ता के चयन हेतु अधिसूचना।
संख्या: सी/407/एटीवीएम/0/111, दिनांक: 26.10.2026
समस्तीपुर मंडल के 02 (दो) स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेण्डिंग मशीन (ATVM) के संचालन के लिये सुविधाकर्ताओं (Facilitators) के चयन के लिये भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर द्वारा [illegible] रेल कर्मचारी/पति/पत्नी [illegible] दिनांक 20.11.2026 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जो ATVM के लिए स्टेशनों पर लगाये गये हैं, जिनका विवरण निम्नवत है।
क्र.सं.: 01, कार्य का नाम: समस्तीपुर मंडल में स्वचालित टिकट वेण्डिंग मशीन (ATVM) सुविधाकर्ता के चयन हेतु आवेदन। विवरण: समस्तीपुर मंडल के NSG-2 श्रेणी के 01 स्टेशन (समस्तीपुर), NSG-3 श्रेणी के 01 स्टेशन (नरकटियागंज) कुल 02 (दो) स्टेशनों के लिए 05 स्वचालित टिकट वेण्डिंग मशीन (ATVM) के माध्यम से टिकट जारी करने हेतु सुविधाकर्ता के चयन। क्र.सं.: 02, कार्य की अवधि: 31.03.2028 तक। क्र.सं.: 03, कार्यालय का पता जहां से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। • वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर। • स्टेशन अधीक्षक/वाणिज्य अधीक्षक जहां एटीवीएम मशीन लगाये गये हैं। • www.ecr.indianrailways.gov.in के वेबसाइट पर उपलब्ध है। क्र.सं.: 04, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: दिनांक 20.11.2026 तक दिन के 17.00 बजे तक। क्र.सं.: 05, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, समय व स्थान: आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं (हाथों-हाथ) जमा करने की अंतिम तिथि 20.11.2026 तक कार्यालय अवधि 10:00 बजे से 17:00 बजे तक वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के कार्यालय के प्रतिवेदनपुस्तक में है। नोट: सक्षम प्राधिकारी, किसी भी आवेदन या सभी आवेदनों को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। रापाप्र., पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर
पीआर/1206/एसपीजे/वा./एस/26-27/56

पटना शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद् चुनाव

जदयू के नीरज ने ग्रेजुएट सीट पर 4655 और राजद के संजीव ने 1057 वोटों से दर्ज कराई जीत

● दोनों सीटों पर जनसुराज रहा तीसरे स्थान पर ● स्नातक सीट पर कांग्रेस चौथा तो शिक्षक में रहा छठे स्थान पर

-: कौशलेन्द्र :-

बिहारशरीफ। पटना शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना संपन्न हो गयी। इस विधान परिषद् क्षेत्र अंतर्गत नालंदा, पटना और नवादा जिला आता है। इस चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से नालंदा जिले में राजनीतिक सरगरमी तेज हो चुकी थी। खासकर स्नातक विधान परिषद् निर्वाचन क्षेत्र को लेकर राजनीति पूरी तरह गरमाई हुई थी। मतदान के पहले से शुरू हुआ यह दौर मतगणना तक जारी रहा। चुनाव होने के बाद जीत-हार के दावे किये जाते रहे। इस क्षेत्र से 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, लेकिन शुरूआत से हीं चुनाव त्रिकोणीय दिख रहा था और हुआ भी वैसा हीं। ऐसे में तीन उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच आये दिन चौक-चौराहों से लेकर सोशल मीडिया पर माहौल गरमाता रहा था। यही हाल लगभग पटना शिक्षक विधान पार्षद निर्वाचन को लेकर भी था। इस पद पर भी यूं तो 18 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे लेकिन इस सीट पर भी त्रिकोणीय मुकाबला था। हालांकि वोटरों की संख्या कम होने से इस चुनाव की चर्चा और सरगर्मी सीमित लोगों के बीच रह गयी थी, क्योकि इसके वोटर उच्च विद्यालय और कॉलेज के शिक्षक और प्राध्यापक होते है जो सरेआम राजनी. तिक चर्चाएं नहीं करते है। वहीं दूसरी ओर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में स्नातक योग्यताधारी वोटर होते है, जिसमें सभी वर्ग के लोग शामिल होते है और यही वजह थी कि इस चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी परवान पर थी।

बुधवार को हुई परिणामों की घोषणा : शह और मात के इस खेल का अंत बीती देर रात से लेकर आज सुबह तक चली मतगणना में संपन्न हो गया। आज सुबह यानी बुधवार को दोनों का परिणाम घोषित कर दिया गया। स्नातक विधान परिषद् सीट से पूर्व से रहे विधान पार्षद जदयू के नीरज कुमार ने चौथी बार अपनी जीत दर्ज कराई, वहीं शिक्षक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार के विधान पार्षद रहे भाजपा के नवल किशोर यादव को मुंह की खानी पड़ी और इस सीट पर राजद के डॉ. संजीव कुमार ने जीत दर्ज करा ली। खास बात यह है कि नवल किशोर यादव इसी विधान परिषद् क्षेत्र के निवासी है जबकि डॉ. संजीव कुमार खगड़िया जिले के रहने वाले है।

स्नातक विधान परिषद् सीट पर कांग्रेस रही चौथे पायदान पर : अब मतगणना परिणामों पर नजर डालें तो स्नातक विधान परिषद् सीट पर जदयू के नीरज कुमार ने 19930 मत हासिल किया, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी राजद के दिलीप कुमार को 15275 वोट मिले। इस प्रकार नीरज कुमार 4655 मतों से चुनाव जीत गये। पहले चरण की मतगणना में भी नीरज कुमार की बढ़त बनी रही लेकिन अपेक्षित वोट नहीं हासिल होने के कारण द्वितीय वरीयता के मतों की गणना हुई और इस गणना में उन्होंने सभी उम्मीदवारों को पछाड़ दिया और विजयी हासिल किया।

इस चुनाव के लिए चर्चित चेहरा बने नवादा निवासी व मोकामा के विधायक अनंत सिह की कृपापात्र व जनसुराज के उम्मीदवार अनुज सिंह को 11278 वोट मिले और वे तीसरे स्थान पर रहे। इस चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे कांग्रेस के असद उल्लाह खां को मात्र 971 वोट मिला, जबकि आम आदमी पार्टी के डॉ. हिमांशु कुमार पटेल को 137 वोट मिला।

समाज शक्ति पार्टी के उम्मीदवार मो. मोकिम उद्दीन को 41 वोट मिले, जबकि निर्दलीय अमित कुमार अलबेल को 31, गोपाल कृष्ण को 21, दिलीप कुमार को 81, देवेंद्र रजक को 354, डॉ. धर्मवीर कुमार भाष्कर को 40, नरेंद्र कुमार लोहानी को 429, प्रेम कुमार को 5, रंजू कुमारी को 78, सफी आलम को 209, सिकंदर पांडेय को 73, सुधांशु कुमार को 38 तथा हिमांशु कुमार को 46 वोट मिला।

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के दो उम्मीदवारों को नहीं मिला एक भी वोट: पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवारों को जो वोट प्राप्त हुआ उसपर नजर डाली जाये तो विजयी हुए प्रत्याशी राजद के डॉ. संजीव कुमार को 4487 वोट मिला, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के नवल किशोर यादव को 3430 वोट मिला।

इस प्रकार इस सीट पर राजद 1057 वोटों से चुनाव जीत गयी। तीसरे नंबर पर चुनाव के चर्चित चेहरों में से एक जनसुराज पार्टी के दिव्या ज्योति को 1571 वोट मिले। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार संजय कुमार को महज 21 वोट हासिल हुआ। उनसे कहीं अधिक वोट निर्दलीय चुनाव लड़े अजय कुमार को मिला। उन्होंने 165 वोट हासिल किया, जबकि निर्दलीय चुनाव लड़े डॉ. रंजन कुमार ने 398 वोट हासिल किया। निर्दलीय प्रत्याशी अनिल कुमार को 2, अवनीश कुमार को 19, कुणाल किशोर को 1, नवल किशोर को 5, निर्भय कुमार को 2, राघवेंद्र कुमार को 1, विनय भूषण कुमार को 10, विवेक शर्मा को 9, संजीव कुमार को 7, सुनील कुमार को 1 वोट मिले। इस चुनाव में उम्मीदवार बने निर्दलीय उज्ज्वल कांत तथा राहुल कुमार को एक भी वोट नहीं मिला।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा
ARSHVEDA Capsule
AN AYURVEDIC MEDICINE FOR PILES
Power of 9 Herbs
सुविचार
खुशी कोई बनी-बनाई चीज़ नहीं है, यह आपके अपने कर्मों से आती है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com

अस्थावां से ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को पुलिस ने दबोचा

बिहारशरीफ। अस्थावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शातिर तस्करों को 25 पुड़िया ब्राउन शुगर और 1,08,100 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक महोदय नालंदा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 28 अक्टूबर 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि गोबर बिगहा मोड़ के पास कुछ व्यक्ति ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोबर बिगहा मोड़ के पास छापेमारी की और मौके से तीन आरोपियो को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लवकुश कुमार (उम्र 19 वर्ष, पिता सुबेलाल यादव, निवासी ओइयाव), राजीव रंजन राज (उम्र 21 वर्ष, पिता रतन यादव, निवासी जहाँगीरपुर) और रॉबिन कुमार (उम्र 24 वर्ष, पिता उमेश यादव, निवासी कोनंद, सभी थाना अस्थावां, जिला नालंदा) के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने इनके पास से 25 पुड़िया ब्राउन शुगर और कुल 1,08,100 रुपये बरामद किए हैं। इस मामले में स्थानीय थाना द्वारा अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के साथ-साथ थानाध्यक्ष सत्यम कुमार चंद्रवंशी और अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

नालंदा विश्वविद्यालय में आईएएसएसआई का 25वां वार्षिक सम्मेलन संपन्न

शैक्षणिक कार्यों को व्यावहारिक नीतिगत अंतर्दृष्टि में बदलने की आवश्यकता: राज्यपाल

बिहारशरीफ। नालंदा विश्व. विद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान संस्थान संघ (आईएएसएसआई) का चार दिवसीय 25वाँ वार्षिक सम्मेलन बुधवार को संपन्न हो गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के प्रतिष्ठित विश्व. विद्यालयों और शोध संस्थानों के विद्वानों ने हिस्सा लिया और सार्वजनिक नीति निर्माण में सामाजिक विज्ञान की भूमिका पर मंथन किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि, बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने अपने संबोधन में सामाजिक समझ, सार्वजनिक विश्वास और राष्ट्रीय सुरक्षा के आपसी संबंधों को रेखांकित किया। उन्होंने बिहार की भौगोलिक और विकास संबंधी चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन और बाढ़ जैसी समस्याओं से निपटने के लिए केवल इंजीनियरिंग दृष्टिकोण काफी नहीं है, बल्कि इसमें सामुदायिक व्यवहार और स्थानीय ज्ञान को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों में अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने और शोध निष्कर्षों को सरल व



प्रासंगिक भाषाओं में सुलभ बनाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने बिहार के विश्वविद्यालयों में अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने, युवा विद्वानों के लिए बेहतर मार्गदर्शन और क्षेत्रीय अध्ययन के अवसर बढ़ाने तथा शोध निष्कर्षों को अधिक सुलभ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कठोर शैक्षणिक कार्यों को व्यावहारिक नीतिगत अंतर्दृष्टि में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें नीति सारांश और हिंदी तथा अन्य प्रासंगिक भाषाओं में संचार शामिल है। नालंदा की समकालीन प्रासंगि. कता का उल्लेख करते हुए उन्होंने वर्तमान चुनौतियों-जिनमें डिजिटल पहुंच और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जिम्मेदार उपयोग शामिल है-के समाधान में संवाद, साक्ष्य और सभ्यतागत समझ के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर एस. महेंद्र देव ने समावेशी और सतत विकास के वैश्विक एजेंडे में भारत के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। नालंदा विश्व. विद्यालय के कुलपति और आईएएसएसआई के अध्यक्ष प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि विकास का दायरा केवल भौतिक प्रगति तक सीमित न होकर मानव कल्याण, संस्कृति और मूल्यों से जुड़ा होना चाहिए। इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट के निदेशक प्रोफेसर अलख एन. शर्मा ने जटिल सामा. जिक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतर्विषयक सहयोग और मजबूत अनुसंधान संस्कृति की आवश्यकता पर बल दिया। चार दिनों तक चले इस सम्मेलन में संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सार्वजनिक नीति, सामाजिक परिवर्तन और प्रौद्योगिकी जैसे विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण और डिजिटल तकनीकों के सामाजिक व नैतिक प्रभावों को समझने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक गिरफ्तार

बिहारशरीफ। सोहसराय थाना क्षेत्र के सहोखर मोड़ के पास मंगलवार की देर रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

घटना के बाद स्थानीय पुलिस की मदद से घायल युवक को तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के सालूगंज मोहल्ला निवासी विशाल कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में ट्रैफिक थाना के दरोगा रवि रंजन ने बताया कि पावापुरी मेडिकल कॉलेज में औपचारिकताएं पूरी कर और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाली कार को अपने कब्जे में लेते हुए जब्त कर लिया है और इस मामले में कार्रवाई करते हुए कार चालक के सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre
डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नहीं लगना, वजन नहीं बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फूलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता - NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | सबल
मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है।
आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन
• शंका या वहम
• मिर्गी आना
• बिना कारण चिंता, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा
• बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना
• अत्यधिक उदासी, बेचैनी
• डिप्रेशन / एंग्जायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना
• मंद बुद्धि
• ध्यान नहीं लगना/ आत्मविश्वास में कमी
नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, स्मैक, ब्राउन शुगर, बीड़ी एवं सिगरेट
सर दर्द माइग्रेन
यौन रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या
डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychiatry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare

पत्नी की हत्या मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

बिहारशरीफ। मानपुर थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में पिछले तीन महीनों से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोंगरीपर गांव निवासी धर्मवीर यादव उर्फ राय के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार शर्मा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बीते 27 जुलाई की शाम अस्थावां थाना क्षेत्र के जहूर बिगहा गांव निवासी बच्चू यादव ने अपनी पुत्री कुमारी त्रिशा सिन्हा की हत्या के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मृतका के पिता ने आरोप लगाया था कि दहेज में मोटरसाइकिल और जेवरात की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपी पति और अन्य ससुराल वालों ने लाठी-डंडों व पत्थरों से पीट-पीटकर उनकी बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। घटना के बाद से ही आरोपी धर्मवीर यादव पुलिस की पकड़ से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। मानपुर थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आखिरकार आरोपी को धर दबोचा।

इस्लामपुर के रसलपुर गांव में वाहन चेकिंग के दौरान 150 लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

बिहारशरीफ। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव स्थित रेलवे गुमटी के पास मंगलवार की देर शाम पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक टेम्पो से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि जब्त टेम्पो से 15 गैलनों में रखे गए कुल 150 लीटर चुलाई शराब जब्त की गई है। इस मामले में हेरथु गांव निवासी संजय कुमार को मौके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। उधर, एक अन्य मामले में पुलिस ने थाना क्षेत्र के रुपनचक गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे मिथलेश चौहान को भी गिरफ्तार किया है। हंगामा कर रहे शराबी को भी पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए कोर्ट में पेश कर दिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शराब तस्करों और नशेड़ियों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

रहुई के किराना दुकान से चार किलो गांजा के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

बिहारशरीफ। रहुई थाना पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक किराना स्टोर में छापेमारी कर 4 किला. ग्राम गांजा बरामद किया है और मौके से दो कथित गांजा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दुकान की तलाशी के दौरान 53,300 रुपये नकद, दो इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एक मोटरसाइकिल और दो स्मार्टफोन भी जब्त किए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगतनंदनपुर गांव निवासी मनोज कुमार और हर्षरंजन कुमार के रूप में की गई है। रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रहुई बाजार स्थित एक डेयरी एवं किराना स्टोर में अवैध रूप से गांजे का कारोबार चल रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान पर छापेमारी की और यह सफलता हासिल की।

पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि गिरफ्तार आरोपियों में से मनोज कुमार का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ रहुई थाने में पहले से ही तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें

वर्ष 2024 में मारपीट, जानलेवा हमला, वर्ष 2025 में मारपीट व अन्य आरोपों से जुड़ा मामलों के साथ-साथ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। वहीं, पुलिस दूसरे गिरफ्तार आरोपी हर्षरंजन कुमार के आपराधिक इतिहास और उसकी पृष्ठभूमि को खंगालने में जुटी है। छापेमारी दल में पुलिसकर्मी संतोष कुमार सुमन, उपेंद्र कुमार राम और उपेंद्र कुमार सहित अन्य बल के जवान शामिल थे। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी
DYNAMIC
SUPER SPECIALITY
LIVER & GASTRO CENTRE
डॉ सौरभ जायसवाल
DM Hepatology
CMC Vellore
सही जाँच • सही ईलाज • बेहतर जीवन
हमारी सेवाएँ
• लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
• फाइब्रोस्कैन (लिवर स्टिफनेस एवं फैट)
• एंडोस्कोपी (ऊपरी आहार नली जाँच)
• कोलोनोस्कोपी (बड़ी आंत की जाँच)
• लिवर बायोप्सी
• हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
• फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर फेल्योर प्रबंधन
• पीलिया, गैस, एसिडिटी, IBS, IBD, [illegible] आदि का उपचार
उन्नत जाँच
सटीक निदान
विशेषज्ञ देखभाल
फाइब्रोस्कैन
[illegible]
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी
[illegible]
लिवर बायोप्सी
[illegible]
OPD परामर्श उपलब्ध
सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक
रविवार बंद
अभी कॉल करें। 6206071186
पता - पटेल पथ, मजार गली, राजा बाजार, पटना-800014

छत से गिरकर महिला जख्मी

हिलसा (नालंदा) (आससे)। हिलसा थाना क्षेत्र के गौरा भट्टबिगहा गांव में छतपर से गिरने से एक गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान गौरा भट्टबिगहा गांव निवासी बिंदा प्रसाद की 70 वर्षीय पत्नी दुखनी देवी के रूप में हुई है। घायल महिला की परिजन ने बताया कि बुधवार को घरेलू कार्य करने के दौरान अचानक छतपर से गिरकर घायल हो गई। परिजन की सहयोग से इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर चिंताजनक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KARDUNA, JEHANABAD 804417
Purpose Course
MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lib.Sc
Lab Instructor/		BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर भेज करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी
Secretary/Chairman - Divya Prakash   Contact - 9304617150, 9334074005

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्या-
डीआरएम-101-टीएम-इन्फ्रा-[illegible]
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए योग्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, [illegible] अथवा [illegible] ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:
1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : [illegible] अलग अलग तरह के ट्रैक की [illegible] और [illegible] 2 साल के लिये। 2. अनुमानित निविदा राशि (रुपया में): रु 1,48,99,253.54/- (रुपये एक करोड़ अड़तालीस लाख निनानवे हजार दो सौ तिरपन एवं चौवन पैसे मात्र)। 3. अग्रधन राशि (रूपया में): रु 2,24,500/- (रुपये दो लाख चौबीस हजार पाँच सौ मात्र) [illegible] (EMD) का पेमेंट सिर्फ नेट बैंकिंग या www.ireps.gov.in पर पेमेंट गेटवे के जरिये ही स्वीकार किया जाएगा। 4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय: निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाकर्ताओं द्वारा निर्धारित तिथि 11.11.2026 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाए एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12.30 बजे निविदा खोली जाएगी। 5. वेबसाईट नाम एवं निविदा, शुद्धिपत्र (अगर जारी हुआ) सबंधी सूचना: निविदा सूचना भारतीय मानदंड तथा निविदा प्रवेश प्रिंस के वेबसाईट GRIS website: www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)/दानापुर
पीआर/1198/डीसनार/एमईसीएम/टी/26-27/48

Chola
Enter a better life
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट ऑफिस : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 एवं सी55 4 थिरु वि का एण्डस्ट्रियल इस्टेट, गुइन्डी, चेन्नई 600032 तामिलनाडु
ई-नीलामी विक्रय सूचना (सिर्फ ऑनलाइन ई-बोली के माध्यम से)
2002 सरफासेसि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधानों के अधीन अचल सुरक्षित आस्तियों के विक्रय के लिए बिक्री सूचना।
[illegible] https://www.cholamandalam.com और www.auctionfocus.in [illegible]

क्र.	(ए) ऋण खाता संख्या / कर्जदार(रों) / सह-कर्जदार(रों) / जमानतदार(रों) के नाम	(बी) बकाया राशि	(सी) अचल सम्पत्ति / सुरक्षित आस्ति का विवरण	(डी)	(ई और एफ) आरक्षित मूल्य / बयाना राशि जमा	(जी) नीलामी की तिथि और समय
1	ऋण खाता सं.: LAPSMIH000124021 1. श्रीमान / श्रीमती [illegible] 2. श्रीमान / श्रीमती [illegible] [illegible] बिहार 845 303	11.06.2025 तक ₹ 28,53,781/- [illegible]	[illegible]	[illegible]	₹ 32,04,432/- [illegible] ₹ 3,20,443/- [illegible]	18.11.2026 को सुबह 2.00 से शाम 04.00 तक [illegible]
2	ऋण खाता सं.: LAP3MTI000002435 1. श्रीमान / श्रीमती [illegible] 2. श्रीमान / श्रीमती [illegible] मोतिहारी, बिहार 845 427	16.06.2025 तक ₹ 28,07,008/- [illegible]	[illegible] बिहार 845 427 [illegible]	[illegible]	₹ 18,42,225/- [illegible] ₹ 1,84,223/- [illegible]	18.11.2026 को सुबह 2.00 से शाम 04.00 तक [illegible]

निरीक्षण दिनांक और समय : 12.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच | न्यूनतम बोली वृद्धि राशि : रु. 10,000/-
बोली / ईएमडी / आवेदन के लिए अनुरोध पत्र जमा करने की अंतिम तारीख : 13.11.2026 शाम 05.00 बजे तक।
[illegible] 1. केशव कुमार, [illegible] : 9576148164 और ई-मेल : keshavkumar@chola.murugappa.com, 2. मनोज कुमार पाण्डे, [illegible] : 9835422085 और ई-मेल : manojkumarpa@chola.murugappa.com 3. [illegible] : 7749866654 और ई-मेल : [illegible]@chola.murugappa.com [illegible]
दिनांक : 27.09.2026
स्थान : पूर्वी चंपारण, बिहार
प्राधिकृत अधिकारी
कृते चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड